माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड, ननूरखेडा, तपोवन, देहरादून।
पत्रांक–सेवा–2/अराज0/10349-50/2017–18 दिनांक 19 सितम्बर, 2017

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग से चयनोपरान्त माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश सं0 331 दिनांक 30 जून 2017 द्वारा प्रवक्ता अंग्रेजी, आदेश सं0 397 दिनांक 13 जुलाई 2017 के द्वारा प्रवक्ता भौतिक विज्ञान, **आदेश सं0 442 दिनांक 19 जुलाई 2017 द्वारा प्रवक्ता हिन्दी, आदेश सं0 443 दिनांक 19 जुलाई 2017 के द्वारा प्रवक्ता गणित** एवं **आदेश सं0 444 दिनांक 19 जुलाई 2017 के द्वारा प्रवक्ता अर्थशास्त्र** में नियुक्तियां की गयी, जिनमें संबंधित अभ्यर्थियों को नियुक्त विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने हेतु 20 दिन का समय प्रदान किया गया। कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा अद्यतन नियुक्त विद्यालय में कार्यभार ग्रहण न करते हुए समयवृद्धि हेतु अनुरोध किया जा रहा है। अतः उक्त विषयों में नियुक्त जिन अभ्यर्थियों द्वारा अद्यतन नियुक्त विद्यालय में कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है, उन्हें कार्यभार ग्रहण करने हेतु एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए **दिनांक 28 सितम्बर, 2017** तक समयवृद्धि प्रदान की जाती है। **उक्त अवधि के उपरान्त कार्यभार ग्रहण न करने वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जायेगी।** नियुक्ति आदेश पूर्व में ही विभागीय वेबसाईट **www.schooleducation.uk.gov.in** पर अपलोड किये गये हैं। इसके अतिरिक्त प्रवक्ता संवर्ग (महिला/सामान्य शांखा) में जनवरी, 2015 में प्रकाशित विज्ञप्ति के सापेक्ष पूर्व में समस्त विषयों में नियुक्त जिन अभ्यर्थियो द्वारा नियुक्त विद्यालय में कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया, उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती है।

अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड

पृ0सं0– सेवा–2/अराज0/10349-50/2016–17 दिनांक सितम्बर, 2017

प्रतिलिपि– सम्पादक, **अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान** को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को **दिनांक 20 सितम्बर, 2017** के उत्तराखण्ड संस्करण में, जिसका राज्य के दोनो मण्डलों में व्यापक प्रचार–प्रसार हो, डी0ए0वी0पी0 दरों पर **10x8** वर्गसेमी0 में प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल दो प्रतियों में निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

19/9/17

(रामकृष्ण उनियाल)
अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड

Press Vigyapti